भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 490
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

अयोध्या विमानपत्तन के लिए उड़ानों का संचालन

490. श्री तनुज पुनिया:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी, 2024 में अयोध्या आने वाली इनबाउंड और यहां से जाने वाली आउटबाउंड आरंभ की गई उड़ानों की विमानन कंपनी-वार संख्या कितनी है;
(ख) जुलाई, 2024 में अयोध्या के लिए वर्तमान में संचालित इनबाउंड और आउटबाउंड उड़ानों की विमानन कंपनी-वार संख्या कितनी है; और
(ग) सरकार द्वारा अयोध्या जाने वाली कम किराए वाली उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) एवं (ख): वर्ष 2024 के जनवरी और जुलाई के महीनों के दौरान अयोध्या में प्रति सप्ताह एयरलाइनों की आवाजाही का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग): मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही, भारतीय घरेलू विमानन को पूरी तरह से नियंत्रणमुक्त कर दिया गया था। एयरलाइनें सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों (आरडीजी) तथा नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम के अनुपालन के अधीन किसी भी प्रकार के विमान के साथ क्षमता और किसी भी बाजार और नेटवर्क में सेवा प्रदान करने और प्रचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

अनुलग्नक

अयोध्या हवाईअड्डे पर प्रति सप्ताह एयरलाइनवार उड़ानों की आवाजाही

माह	एयरलाइन	प्रति सप्ताह उड़ान आवाजाही (आगमन + प्रस्थान)
जनवरी-24	इंडिगो	38
	एयर इंडिया एक्सप्रेस	26
	कुल	**64**
माह	**एयरलाइन**	**प्रति सप्ताह उड़ान आवाजाही (आगमन + प्रस्थान)**
जुलाई-24	इंडिगो	34
	अलायंस एयर	6
	एयर इंडिया एक्सप्रेस	30
	अकासा एयर	40
	स्पाइस जेट	28
	कुल	**138**

******